# सुअर के लिए बिछाए जाल में फंसकर बाघ की मौत

## वन विभाग के चौकीदारों की संलिप्तता, जांच-कार्रवाई जारी



**नवभारत न्यूज**

**सतना 3 जुलाई. जिन वन चौकीदारों पर जंगल से लेकर वन्य जीवों की सुरक्षा की जिम्मेदारी होती है, यदि उन्हीं पर बाघ की हत्या जैसे गंभीर आरोप लगने लगें तो फिर व्यवस्था भला किसके भरोसे चलेगी.**

जंगली सुअर के लिए फैलाए गए करेंट के तार की चपेट में आकर जब बाघ की मौत हो गई तो घटना को छिपाने के लिए गड्ढा खोदकर दफन कर दिया गया. लेकिन 2 महीने बाद जब मामले की भनक अधिकारियों को लगी तो व्यापक स्तर पर जांच कार्रवाई शुरु कर दी गई.

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के मझगवां रेंज अंतर्गत प्रस्तावित कंजरवेशन रिजर्व पूर्व में प्रस्तावित सरभंगा अभ्यारण्य में एक बाघ की मौत हो जाने पर उसे जमीन में दफना दिए जाने की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को कुछ दिन पहले मुखबिरों के जरिए प्राप्त हुई थी. इस तरह के गंभीर मामले की जिम्मेदारी मिलने पर वन मण्डलाधिकारी द्वारा पूरे घटनाक्रम से जुड़ी जानकारी जुटाने का काफी प्रयास किया गया,

लेकिन कोई सफलता नहीं मिल पाई. जबकि इस मामले में शक की सूई शुरु से ही वन चौकीदारों के इर्दगिर्द घूम रही थी. जिसे देखते हुए 3 वन कर्मियों को उठाकर उनसे कड़ाई से पूछताछ शुरु की गई. गुरुवार की रात मुखबिर की सूचना के साथ-साथ वन कर्मियों से की गई पूछताछ में हुए खुलासे को देखते हुए शुक्रवार की सुबह से ही वन अमला हरकत में आ गया. शुक्रवार की सुबह डीएफओ के निर्देश पर डाग स्क्वाड, उड़नदस्ता दल और वन परिक्षेत्र मझगवां के अधिकारियों के साथ वन अमले ने सघन जांच अभियान छेड़ दिया. लेकिन ओ रही बारिश के साथ घने लैंटाना जंगल में की गई प्रारंभिक जांच में कोई सुराग नहीं मिला. लेकिन जारी जलाशी अभियान के दौरान ही वन अधिकारियों को नया इनपुट मिला. जिसके बाद मौके पर जेसीबी बुलाकर खुदाई शुरु कराई गई. कुछ देर तक खुदाई करने के बाद बाघ से अवशेष प्राप्त हुए. जिसे देखते हुए दो वन चौकीदारों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी गई.

### इनका कहना है

अवशेष बरामद होने के बाद उनका परीक्षण कराया जाएगा और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत सभी आरोपियों के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जाएगी.

**मयंक चांदीवाल**
वन मण्डाधिकारी सतना

### सुअर के लिए लगाया था करंट

अधिकारियों द्वारा की गई पूछताछ में यह जानकारी सामने आई कि चौकीदार के परिवार के सदस्य द्वारा लगभग 2 महीने पहले जंगली सुअर का शिकार करने के उद्देश्य से तार में करंट लगाया था. लेकिन वहां से गुजर रहा एक बाघ उसकी चपेट में आ गया. जिससे उसकी मौत हो गई. घटना से घबराए चौकीदारों ने जंगल में गड्ढा खोदकर बाघ को दफना दिया. वन अधिकारियों का कहना है कि इस मामले की विस्तृत जांच जारी है. अवशेषों की बरामदगी, घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्य और आरोपियों के बयानों के आधार पर दोषी पाए गए लोगों के विरुद्ध वन्य प्राणी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी. इसी कड़ी में यह जानने का प्रयास भी किया जा रहा है कि घटना में और कौन-कौन लोग शामिल हैं. जांच जारी होने का हवाला देते हुए फिलहाल आरोपियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए .



# शहर के बंद स्ट्रीट लाइटों को तत्काल सुधारें : रानी

## महापौर ने की विद्युत विभाग की समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 जुलाई। नगर पालिक निगम की महापौर रानी अग्रवाल ने शहरी क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, सुव्यवस्थित और जनोपयोगी बनाने के उद्देश्य से विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।**

बैठक के दौरान महापौर ने पूरे ननि क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की वार्डवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मुख्य मार्गों, प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और आंतरिक कॉलोनियों में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से सुधारने के सख्त निर्देश दिए। महापौर ने दोटूक शब्दों में कहा कि रात के समय नागरिकों, महिलाओं और राहगीरों की सुरक्षा तथा सुगम आवागमन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए बंद लाइटों को बदलने और सुधारने के कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्युत अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण और भविष्य की जरूरतों पर चर्चा करते हुए महापौर रानी अग्रवाल ने अधिकारियों को शहर के विकास के अनुरूप आवश्यकतानुसार नए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश जारी किए।

### जरूरत पड़े तो नई केबिल बिछाई जाएं

महापौर ने कहा कि जिन क्षेत्रों या वार्डों में अभी तक पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं है, जहां नई केबल बिछाने, पुराने व जर्जर तारों को बदलने, नए विद्युत खंभे खड़े करने अथवा अतिरिक्त स्ट्रीट लाइटें व हाईमास्ट लगाने की आवश्यकता है, वहां का विभागीय अमला त्वरित रूप से धरातलीय व भौतिक सत्यापन करें। इस सर्वे के आधार पर प्राथमिकता तय करते हुए जल्द से जल्द प्राकलन तैयार कर प्रस्तुत किए जाएं, ताकि समय रहते विकास कार्यों को गति दी जा सके। बैठक के दौरान सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी सहित संबंधित उपयंत्री मौजूद रहे



# एनएच-39 पर फिर पलटा बल्कर एक सप्ताह में पांचवीं दुर्घटना

## एनएचएआई पर उठे सवाल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 जुलाई। राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर सड़क सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शुक्रवार की दोपहर करीब 3:30 बजे देवसर क्षेत्र के सजहर-खाखन पुल पर तेज रफ्तार बल्कर अनियंत्रित होकर पलट गया।**

हादसे के बाद कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। चालक के सुरक्षित बच जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। चिंताजनक बात यह है कि सजहर-खाखन पुल पर एक सप्ताह के भीतर यह पांचवीं दुर्घटना बताई जा रही है। लगातार हादसों के बावजूद प्रशासन और एनएचएआई ने अब तक इस स्थान को आधिकारिक रूप से दुर्घटना संभावित हॉटस्पॉट घोषित नहीं किया है।

### एनएचआई ने नहीं माना हाटस्पार्ट

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुल की डिजाइन, मोड़, संकेतक और सुरक्षा उपायों की कमी के कारण यहां बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार एजेंसियां स्थायी समाधान की दिशा में गंभीर नहीं हैं। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि सजहर-खाखन पुल का तत्काल सुरक्षा ऑडिट कराया जाए, आवश्यक सुधारात्मक कार्य किए जाएं और इसे दुर्घटना संभावित क्षेत्र घोषित कर प्रभावी सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, ताकि लगातार हो रहे हादसों पर रोक लग सके।

# अमिलिया पुलिस ने डेढ़ किलो गांजा के साथ किया आरोपी को गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 3 जुलाई. अवैध नशे के विरुद्ध पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत अमिलिया पुलिस को सफलता मिली है।**

थाना अमिलिया पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की है। पुलिस के अनुसार दिनांक 03 जुलाई 2026 को थाना



प्रभारी अमिलिया निरीक्षक आर.के. बैस के नेतृत्व में मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम खड़बड़ा में दबिश दी। कार्यवाही के दौरान आरोपी पीयूष तिवारी पिता देवेन्द्र तिवारी उम्र 33 वर्ष? निवासी सहजी, थाना अमिलिया के कब्जे से बिक्री हेतु रखा 1 किलो 500 ग्राम गांजा, अनुमानित कीमत 15 हजार रुपये बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय सीधी में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सीधी भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राकेश बैस, उनि राजमणि अहिरवार, सउनि उग्रभान मिश्रा, प्रआर विक्रम सिंह, प्रआर राजेन्द्र सिंह, आरक्षक संदीप चौबे, रघुराज सिंह, बृजेश बैस, अभिषेक चौधरी, रामचरित पाण्डेय तथा महिला आरक्षक संगीता बैस की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

# दो निरीक्षकों के साथ 4 उप निरीक्षकों का हुआ तबादला

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली, 3 जुलाई. पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा शुक्रवार की रात निरीक्षक एवं उपनिरीक्षकों के तबादला सूची जारी की गई। जिसमें सिंगरौली के दो निरीक्षकों एवं चार उप निरीक्षकों का तबादला दूसरे जिले में किया गया है ।**

जानकारी के अनुसार सरई थाना में पदस्थ निरीक्षक जितेंद्र सिंह भदौरिया का डिंडोरी जिला एवं यातायात ट्रैफिक प्रभारी दीपेंद्र सिंह कुशवाह को रीवा जिले के लिए तबादला किया गया है।. उपनिरीक्षक पुलिस लाइन सिंगरौली से सुधाकर सिंह को सीधी जिला विंध्य नगर थाना में पदस्थ अभिषेक पांडे को सतना वही जयंत चौकी प्रभारी अरुण सिंह को भी सतना एवं नौडिहवा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मनोज सिंह चौहान को जबलपुर के लिए तबादला कर दिया गया है।

दोनों निरीक्षकों पर बंधा कोल माइंस में पत्नी के नाम मुआवजा लेने का आरोप है जिसकी गूंज विधानसभा सदन में गूंजा था। जिसकी शिकायत सिंगरौली के भाजपा नेताओं ने पुलिस महानिदेशक से किया था।

# खस्ताहाल मझगवां बायपास का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

## एसपी की मौजूदगी में कलेक्टर ने मौके पर अधिकारियों को सड़क दुरस्त करने के दिये निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**सतना 03 जुलाई. जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह शुक्रवार को मझगवां बायपास रोड एवं चित्रकूट मोड़ घाट का निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सड़क निर्माण की वर्तमान स्थिति, यातायात की सुगमता, मोड़ों पर सुरक्षा व्यवस्था, संकेतक बोर्ड, एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सड़क मरम्मत कार्य में गति लाकर आवश्यक साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, एवं प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। बाद में कलेक्टर ने नगर पंचायत के सभाकक्ष में चित्रकूट विकास के कार्यो की समीक्षा की।

### बीच सड़क में हुआ गड्ढा



मझगवां बायपास की सड़क धसक जाने से पुलिया के ऊपर बड़ा गड्ढा हो गया है बारिश के मौसम में बीच सड़क में हुआ यह गड्ढा किसी के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है. इसकी ओर मीडिया व जनप्रतिनिधियों ने कई बार प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. शुक्रवार को कलेक्टर के निरीक्षण के बाद इस बात की उम्मीद जागी है कि पुलिया के ऊपर हुए इस गड्ढे को लेकर विभागीय अधिकारी गंभीर होंगे.

# नवागत जिला शिक्षा अधिकारी सतना सलोनी शर्मा ने संभाला पदभार

▸ सिहोर से सतना का हुआ था तबादला



**नवभारत न्यूज**

**सतना 3 जुलाई. पिछले दिनों शिक्षा विभाग में हुए प्रशासनिक फेरबदल के अंतर्गत बतौर सहायक संचालक भोपाल के तौर पर सेवाएं दे रहीं सलोनी शर्मा का स्थानांतरण सतना जिले के लिए कर दिया गया था. इसी कड़ी में उन्होंने शुक्रवार को सतना पहुंचकर जिला शिक्षा अधिकारी सतना के रुप में पदभार ग्रहण कर लिया.**

शुक्रवार की सुबह जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर सलोनी शर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया. जिसके बाद नवागत डीईओ ने कार्यालय में पदस्थ सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया. इसके साथ ही कार्यक्षेत्र से संबंधित प्रमुख बिंदुओं के संबंध में प्राथमिकताएं भी बताईं. गौरतलब है कि मूल रुप से नरसिंहगढ़ से संबंध रखने वाली सलोनी ने 2020 की मप्र लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की थी. चूंकि पिता शिक्षक थे इसलिए सलोनी ने भी लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए शिक्षा विभाग को ही प्राथमिकता दी.एकेडमिक क्वालिफिकेशन के तौर पर देखा जाए तो उन्होंने बीएससी कंप्यूटर साइंस और एमएससी रुरल डेवलपमेंट के साथ-साथ डिजास्टर मैनेजमेंट में सर्टिफिकेट कोर्स भी किया हुआ है. लोक सेवा आयोग से सहायक संचालक पद पर चयनित अधिकारी को जिला शिक्षा अधिकारी सतना बनाए जाने से विभागीय स्तर पर बेहतर और पारदर्शी व्यवस्था की उम्मीद लोगों द्वारा जताई जा रही है.

# अपहृत नाबालिग दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 3 जुलाई. चौकी खड्डी पुलिस की त्वरित कार्यवाही में अपहृत नाबालिग को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन में चौकी खड्डी, थाना रामपुर नैकिन पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 30 जून 2026 को चौकी खड्डी में ग्राम पेपखरा निवासी फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री, कक्षा 12वीं की छात्रा, दिनांक 29 जून 2026 को घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी पता न चलने पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताई गई। रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम खमरिया, थाना सेमरिया जिला रीवा में दबिश देकर नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

# पावरग्रिड की लापरवाही पर विधायक रामनिवास शाह का कड़ा रुख

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 जुलाई। ग्राम पंचायत खम्हरिया के परसदेही में पावरग्रिड कंपनी के कार्यस्थल पर हुए हादसे में किसान जगदीश शाह की मौत के बाद गुरुवार को पूरे दिन तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।**

मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने सुबह करीब 9 बजे से घटनास्थल पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू किया। परिजन पावरग्रिड कंपनी की कथित



लापरवाही के खिलाफ एफआईआर, उचित मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी तथा बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी कंपनी से दिलाने की मांग पर अड़े रहे। विरोध प्रदर्शन रात 11:30 बजे समाप्त हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि परसदेही में पावरग्रिड कंपनी की कथित लापरवाही के कारण हुई यह मौत बेहद दुखद और हृदय विदारक है। यदि जांच में सुरक्षा मानकों की अनदेखी अथवा किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। विधायक ने कंपनी प्रबंधन को भविष्य में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत देते हुए चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनके आश्वासन और प्रशासन के साथ हुई चर्चा के बाद देर रात प्रदर्शन समाप्त हुआ और स्थिति सामान्य हो सकी।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल आज मैहर जिले के संक्षिप्त प्रवास पर रहेंगे

**मैहर 3 जुलाई.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र



शुक्ल 4 जुलाई 2026 को प्रात: 5.40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से मैहर आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल प्रात: 8 बजे मां शारदा देवी के दर्शन के उपरांत प्रात: 10 बजे कार द्वारा मैहर से कटनी के लिए प्रस्थान करेंगे।


### सोने की नीलामी की सूचना

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड ("BFL");**
**पंजीकृत कार्यालय: मुंबई-पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे- 411035**

BAJAJ FINANCE

ऋणियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणियों ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लोन का भुगतान या आवश्यक मार्जिन जमा नहीं किया है। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी: 1. क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (सोने का विवरण एवं सकल वजन) की सम्पूर्ण जानकारी देखें, 2. बोलीदाताओं के लिए सभी नियम एवं शर्तें निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं: All about our Terms and Conditions - Bajaj Finance Limited 3. सभी बोलीदाताओं को नीलामी से पूर्व ₹25,000/- की अग्रिम जमा राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 4. नीलामी स्थल पर प्रातः 10 बजे वैध पहचान एवं पते के प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए wecare@bajajfinserv.in पर संपर्क करें।

(10-08-26): **आष्टा - कन्नौद रोड**; POX6GOL25088379. **बालाघाट - बीजीएल**; PNS9GOL26430425. **बरेली - राठी कॉलोनी**; PCA3GOL25483410, 26187736, 27181052, 28736878. **बैतूल - शर्मा कॉम्पलेक्स**; PCA4GOL24250490, 24288950, 26465795, 27033142, 29124247. **भोपाल - इमामी गेट**; PF46GOL25903971, 27741245. **भोपाल - इंद्रपुरी**; PF49GOL24908845, 25522327, 25529363, 25507474, 25725797, 28032344, 29162472. **भोपाल - करोंद**; PJD2GOL26841514. (11-08-26) **भोपाल - एमपी नगर**; PCA5GOL9173459, L9872010, 10213247, 17909617. **बीना - इटावा स्टेशन रोड**; PCA6GOL25506259, 25499964, 25487397, 27387226. **बुरहानपुर - अमरावती रोड**; PQE2GOL24125201. **छिंदवाड़ा - परासिया रोड**; PEQ1GOL28336525. **डबरा - मेन रोड**; PKH4GOL26049831, 26058724. **दमोह - मेन रोड**; PQD8GOL23739335, 26749457. **दतिया - सीता सागर**; PMN5GOL26268926. **देवास - एबी रोड**; PGG2GOL25536696, 26993275, 27017944, 27178660, 27762826, 28698013. (12-08-26): **देवास - मां चामुंडा टेकरी**; PQH2GOL26958322. **धामनोद - एबी रोड**; POZ3GOL28669782, 28682940. **धार - इंदौर रोड**; PQD6GOL26271672. **गाडरवारा - इंद्रा वार्ड**; PKA3GOL26101619, 28696843. **गंज बासौदा - मेन रोड**; P02WGOL24688008. **ग्वालियर - बड़ा जीवाजी चौक**; PQT8GOL29127587. **गुना - एबी रोड**; PEH2GOL25447719, 26284626, 27779845, 28274128, 28299020, 28525291. (13-08-26) **ग्वालियर - सिटी सेंटर**; PCA7GOL11515324, 24092327, 24060091, 24246407, 24454200, 25171345, 25464077, 25660094, 26456915, 26435042, 27778924, 28075282, 28719719. **ग्वालियर - गोले का मंदिर**; PJD1GOL25502478, 25668683, 26037417, 26477571, 26783487, 28656117. **ग्वालियर - मुरार**; PHF9GOL27353684. **ग्वालियर - नया बाजार**; PF25GOL24242178, 25142309, 25712325, 27355243, 27409025, 27366060, 28453176. **ग्वालियर - पिंटू पार्क**; PQV3GOL28718575. **ग्वालियर - तानसेन रोड**; PPC9GOL27020087, 27023755. **ग्वालियर - विनय नगर**; PEF2GOL24618974, 26220999, 26414910, 27210466, 27701612, 28048700. **हरदा - बाफना टावर**; PCA8GOL24294044, 26060212. (14-08-26) **होशंगाबाद - मीनाक्षी चौक**; PCA9GOL28683858, 28667890. **इंदौर - मरीमाता स्क्वायर**; POZ2GOL18021821, 24048006, 28343732. **इंदौर - विजय नगर**; PGJ9GOL25845524, 26410019, 27042364. **इटारसी - सराफा बाज़ार**; P03WGOL28716740, 28942758. **जबलपुर - दीनदयाल चौक**; PEH4GOL24089836, 24637631, 24952239, 26418066, 26848427, 27211532, 28264520, 28263528, 28307366, 29141691. **जबलपुर - रद्दी चौकी**; POX3GOL25720878, 26809486, 26798537, 26812539, 26803711. **जबलपुर - राइट टाउन**; PG03GOL23770731, 28122953, 28307047, 28743664, 28656848. (17-08-26) **कटनी - सुभाष चौक**; POX4GOL26234320, 26479192, 26847807. **खंडवा - शिवाजी चौक**; PCP1GOL26409897, 27739406, 28890375. **महू - हरि फाटक**; PMN4GOL26087259. **मुरैना - शिवनगर**; PJC8GOL23777952, 24476112, 24897232, 26040574, 27551038, 27787159, 28514463, 29063417. **नरसिंहपुर - बीजीएल**; PNT1GOL25167902, 25172383, 27219652, 27737436, 28500663. **नीमच - गांधी वाटिका**; POZ4GOL27000585. **पिपरिया - स्टेशन रोड**; POX8GOL25094840. **पोरसा - बीजीएल**; POA4GOL26052634, 26448690, 28273680, 29089320, 29078745, 29101726. (18-08-26): **रीवा - बीजीएल**; PNR9GOL27769706. **सबलगढ़**; P13PGOL5591433, L5744781. **सागर - मकरोनिया**; PQH1GOL29116790, 29120411. **सागर - परकोटा**; PLL1GOL27001333, 27760927, 28554455. **सनावद - इंदौर खंडवा रोड**; PQD4GOL24237733, 24897274, 27177308, 28311862, 29149030. **सतना - रीवा रोड**; PCP2GOL26987808. **Sसीहोर - सेकड़ाखेड़ी रोड**; PCP3GOL23735448, 23738224, 24453373, 29071107. (19-08-26) **सिवनी - शक्ति नगर**; POX7GOL25705299, 26184442, 26835043, 28860795. **शहडोल - बीजीएल**; PNT3GOL23812674, 24980110, 25145487, 25096604, 25120992, 26058491, 26224708, 26801054, 28205814, 28475199. **श्योपुर - शिवपुरी रोड**; PLC3GOL29064724. **शिवपुरी - एबी रोड**; PEH3GOL23807589, 24887473, 25078586, 26208433, 26964356, 27397766, 27749305, 27743691, 28686598, 28693880, 28926496. **शुजालपुर - मंडी**; PPG5GOL24904040, 24908607. **सिहोरा - मेन रोड**; PQR5GOL23802805, 26221501. **उज्जैन - फ्रीगंज**; PCP4GOL24078614, 24623586, 24725003, 25717827, 26275960, 26456223, 26421776, 26427278, 27235850, 27527675, 28106995.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**


# जिले के नापतौल दफ्तर में हमेशा लटकता रहता है ताला

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 जुलाई। जिला मुख्यालय बैढ़न के गनियारी में स्थापित नापतौल दफ्तर का ताला कभी कभार ही खुलता है। यहां कितने का स्टाफ है, सिर्फ इतना ही बताया जाता है कि यहां निरीक्षक जरूर हैं, लेकिन फील्ड का दौरा ज्यादा करते हैं। उधर आरोप है कि अधिकांश दुकानदार नापतौल में गड़बड़ी करते रहते हैं, लेकिन निरीक्षक की नजर नही पड़ती।**

दरअसल नापतौल विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से



उपभोक्ता लूट के शिकार हो रहे हैं। कई दुकानदार अभी भी इलेक्ट्रॉनिक तौल कॉटा नही लगाया है, यहां तक कि बैढ़न में ही ऐसे कई सब्जी कारोबारी हैं, जहां आज भी तराजू किलोबाट से सब्जियां तौलते रहते हैं। फिर भी विभाग के निरीक्षक की नजरें नही पड़ती। इसी तरफ कथित फिलिंग स्टेशनों में भी डीजल-पेट्रोल के नाप में गड़बड़ी की शिकायते आती रहती हैं, परंतु शिकायत के बावजूद कार्रवाई नही की जाती। आरोप है कि निरीक्षक की सांठगांठ है, इसीलिए संबंधित कारोबारियों पर कार्रवाई नही की जाती। कई उपभोक्ताओं ने कहा है कि हम सब लूट के शिकार हो रहे हैं। दफ्तर जाते हैं, तो वहां अधिकांश समय में ताला लटका हुआ रहता है। कौन अधिकारी-कर्मचारी है पता ही नही चल पाता। उपभोक्ताओं ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### एक निरीक्षक के जिम्मे तीन जिले का प्रभार

जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय बैढ़न में एक निरीक्षक एवं एक लिपिक तैनात है। यहां भृत्य तक नही है। दफ्तर की साफ-सफाई भी इन्ही के भरोसे है। आलम यह है कि सिंगरौली जिले में पदस्थ निरीक्षक के पास शहडोल एवं अनूपपुर जिले का अतिरिक्त प्रभार है। इस संबंध में निरीक्षक एसके निगम ने बताया कि इन दिनों तीन जिलो का प्रभार है, शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाती है, यहां स्टाफ की भारी कमी है। समय-समय पर दुकानों एवं फिलिंग स्टेशनों की जांच की जाती है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99